भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. *198

मंगलवार, दिनांक 22 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता</u>

*198. श्री नीरज डांगी: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020-21 के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लक्षित प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या लक्षित उत्पादन क्षमता में कोई कमी आई है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य सहित देश भर में कितनी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री

(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है।

<u>विवरण</u>

'नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता' के संबंध में पूछे गए दिनांक 22.03.2022 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 198 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): कॉप-26 में माननीय प्रधान मंत्री की घोषणा के अनुसार, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावाट की स्थापित विद्युत क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिनांक 28.02.2022 की स्थिति के अनुसार, देश में कुल 152.90 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता (बड़ी पन बिजली सहित) स्थापित की गई है।

वर्ष 2020-21 के दौरान, देश में कुल 10786.22 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता (बड़ी पन बिजली सहित) की वृद्धि की गई है।

(ग) पिछले तीन वर्षों अर्थात 2018-19 से 2020-21 और वर्तमान वर्ष 2021-22 (28 फरवरी, 2022 तक) के दौरान राजस्थान राज्य सहित देश में स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता के स्रोत-वार और राज्य-वार ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

अनुलग्नक

'नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता' के संबंध में पूछे गए दिनांक 22.03.2022 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 198 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष अर्थात् 2018-19 से 2021-22 (फरवरी, 2022 तक) के दौरान स्रोत-वार और राज्य-वार स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता (मेगावाट में)						
क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लघु पन बिजली	पवन विद्युत	जैव विद्युत	सौर विद्युत	बड़ी पन बिजली
1	आंध्र प्रदेश	0	129.7	42.45	2128.52	0
2	अरुणाचल प्रदेश	26.5	0	0	3.84	710
3	असम	0	0	2	93.65	0
4	बिहार	0	0	3.5	37.33	0
5	छत्तीसगढ़	0	0	44.17	158.56	0
6	गोवा	0	0	0.34	17.97	0
7	गुजरात	56.29	3430.4	28.02	4751.37	0
8	हरियाणा	0	0	15.91	563.31	0
9	हिमाचल प्रदेश	101	0	2	66.77	111
10	जम्मू और कश्मीर	5.29	0	0	32.54	0
11	झारखंड	0	0	0	49.5	0
12	कर्नाटक	50	468.8	122.34	2608.07	0
13	केरल	23.5	10	1.55	217.19	0
14	मध्य प्रदेश	13.55	0	6.52	1364.01	0
15	महाराष्ट्र	7.905	228.9	408.45	1355.23	0
16	मणिपुर	0	0	0	7.42	0
17	मेघालय	1.5	0	0	2.13	0
18	मिजोरम	0	0	0	4.19	0
19	नागालैंड	0	0	0	0.2	0
20	ओडिशा	42.005	0	0	332.35	0
21	पंजाब	2.55	0	157.85	185.04	0
22	राजस्थान	0	29.1	0	8255.92	0
23	सिक्किम	0	0	0	2.78	213
24	तमिलनाडु	0	1660.58	62.97	2943.63	0
25	तेलंगाना	0	27.3	38.73	1139.98	30
26	त्रिपुरा	0	0	0	6.37	0
27	उत्तर प्रदेश	24	0	14.34	1469.21	0
28	उत्तराखंड	0	0	0.31	282.89	99
29	पश्चिम बंगाल	0	0	1.36	116.13	0
30	अंडमान और निकोबार	0	0	0	22.69	0
31	चंडीगढ़	0	0	0	27.44	0
32	दमन और दीव	0	0	0	30.11	0
33	दिल्ली	0	0	0	140.09	0
34	लक्षद्वीप	0	0	0	0.13	0
35	पुडुचेरी	0	0	0	13.35	0
36	अन्य	0	0.00	0	1.65	0
	कुल	354.09	5984.78	952.81	28431.6	1163

*****